dainiknavajyoti.com

ब्यावर नवज्योति

• ब्यावर • टॉडगढ़ • जैतारण • रायपुर • मसूदा • बिजयनगर • बदनौर

ब्यावर। मौके पर वाहन जब्त करते कार्मिक तथा विरोध दर्ज करवाते दुकानदार। -कमल जलवानियां

सड़क किनारे खड़े वाहनों के चालान पर भड़के लोग

अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, समझाईश के बाद मामला शांत हुआ

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर नगर परिषद एवं यातायात पुलिस की ओर से मंगलवार को मुख्य मार्ग एवं बाजार में किए गए अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। टीम ने यातायात पुलिस के सहयोग से मुख्य सड़क एवं बाजार में बेतरतीब खड़े हाथ ठेलों, वाहनों आदि को जब्त किया गया एवं उनके चालान बनाए गए। जिससे बाजार में हड़कंच मचा रहा। कार्रवाई के विरोध में दुकानदारों ने कुछ देर के लिए दुकानें बंद कर दी। बाद में समझाईश के बाद मामला शांत हुआ।

कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे खड़े दुपहिया वाहनों के चालान बनाए जाने से कुछ लोग भड़क गए। जिसके चलते काफी शोर शराबा हुआ। बताया गया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने एवं मुख्य मार्ग तथा बीच बाजार के रास्ते फल-फ्रुट, सब्जी सहित अन्य फुटकर सामान बेचने वाले लोगों ने हाथ ठेले खड़े कर अस्थायी रूप से अतिक्रमण करने की शिकायत की थी। इस पर मंगलवार को परिषद की टीम ने ट्रेफिक पुलिस के साथ सिटी सिनेमा, स्टेशन रोड़, पाली बाजार में कार्रवाई की। टीम ने कुछ ठेलों तथा बेतरतीब खड़े वाहनों के चालान बनाए और जब्त भी किए। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे पार्किंग किए गए वाहनों के खिलाफ चालान बनाने तथा वाहनों को जब्त करने पर वाहन चालक भड़क गए। वाहन चालकों ने कार्रवाई का विरोध किया। दुकानकारों ने भी ग्राहकों का पक्ष लेते हुए उनके वाहनों को जब्त करने पर नाराजगी प्रकट की। व्यापारियों ने कुछ देर अपनी दुकानें बंद कर रास्ता जाम कर दिया। लेकिन बाद में आपसी समझाईश के बाद मामला शांत हुआ।

फल व सब्जी के 15 ठेले किए जब्त

यातायात पुलिस ने 60 एक्ट के तहत की कार्रवाई

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर उपखंड अधिकारी दिव्यांशसिंह निर्देश पर मंगलवार शाम को शहर यातायात पुलिस ने यातायात इंचार्ज पूनम सिंह विश्नोई के नेतृत्व में 60 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की। इस दौरान यातायात के हेड कांस्टेबल मंगल चंद सहित अन्य यातायात पुलिसकर्मियों ने चांग गेट, पाली बाजार तथा लौहारन चौपड़ तक बेतरतीब तरीके से रास्ते में खड़े होकर यातायात को बाधित करने वाले हाथ ठेला संचालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 15 हाथ ठेलों को पुलिस 60 एक्ट के तहत जब्त किया। हेड कांस्टेबल मंगल चंद ने बताया कि सभी जब्त ठेले अब न्यायालय के द्वारा जुर्माना भर कर छुड़ाए जा सकेंगे। मंगलचंद ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि हाथ ठेले वाले जगह-जगह पर खड़े होकर यातायात को बाधित करते हैं जिसके कारण आए दिन जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। शहर में यातायात निर्बाध रूप से जारी रहे, इसलिए कार्यवाही को अंजाम दिया। कार्रवाई के बाद सभी 15 हाथ ठेलों को ब्यावर सिटी थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है।

देलवाड़ा रोड़ का निर्माण पूरा करवाने की मांग

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ब्यावर जिलाध्यक्ष राम यादव ने जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर राज्य सरकार की ओर से सत्र 2025-26 के बजट में सतपुलिया से लेकर देलवाड़ा रोड़ पुलिया तक स्वीकृत सड़क विस्तारीकरण के कार्य को पूरा करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सतपुलिया से देलवाड़ा रोड़ हाईवे पुलिया तक इस मार्ग का विस्तार कर 6 लेन किया जाना है। उक्त मार्ग देलवाड़ा सहित राजमार्ग से सीधे शहर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। जिसके लिए 5 करोड़ रुपए का कार्यादेश भी गत अक्टूबर माह में ही जारी हो चुका है। सड़क के दोनों ओर संबंधित विभाग ने मार्किंग कर 12 दिसंबर को काम शुरू कर दिया था। करीब एक किलोमीटर तक का कार्य चरणबद्ध तरीके से हो गया है। क्षेत्रवासियों के सहयोग के बावजूद अब पिछले कुछ समय से सड़क निर्माण का काम बंद पड़ा है। जिससे क्षेत्र के लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की दुकानों एवं मकानों में आने जाने के लिए भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यादव ने कलक्टर मीणा से मामले में हस्तक्षेप कर संबंधित कार्यकारी एजेंसी से सड़क विस्तारीकरण के कार्य को पूरा करवाने की मांग की है।

माह-ए-रमजान के तीसरा अशरा आज से

रमजान 20 रोजे पूरे

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर इस्लाम के माहे रमजान में इबादतों का दौर जारी है। बुधवार को 21वें रोजे के साथ तीसरे अशरे का आगाज हो जाएगा जो ईद का चांद नजर आने तक जारी रहेगा। जानकारो के अनुसार यूं तो रमजान का पूरा महीना मुसलमानों के लिए खुदा की तरफ से अजमत, रहमत और बरकतों से लबरेज है लेकिन अल्लाह ने इस मुबारक महीने को तीन अशरों में तक्सीम किया है। तीसरे और आखिरी अशरे की शुरूआत 21वें रोजे से यानी शनिवार से होगी। जो ईदुल फितर का चांद नजर आने तक जारी रहेगा। तीसरे असरे का आगाज 20वें रोजे के पूरे होने से माना जाता है। मंगलवार शाम को मस्जिदों में अकीदमंद ऐतकाफ में बैठे। जो ईदुल फितर का चांद नजर आने तक मस्जिद में रहकर इबादत करेंगे। रमजान के आखिरी अशरे में दस दिन का एतकाफ होता है। एतकाफ का मतलब शब-ए-कद्र की तलाश में तन्हाई में बैठकर इबादत करना है। ऐतकाफ का समय 20वें रोजे को सूरज डूबने से पहले शुरू होता है और ईद का चांद दिखाई देने के बाद खत्म होता है। ऐतकाफ ऐसी जगह होती है जहां पांचों वक्त की नमाज जमात के साथ होती है। मजहबी जानकार बताते हैं कि ऐतकाफ में बैठना सुन्नत है। इससे अल्लाह पूरी बस्ती के गुनाहों को माफ फरमा देते हैं। ऐतकाफ में बैठने वाला तमाम बुराइयों, गलतियों, गुनाहों से बच जाता है।

ब्यावर। जौहर मस्जिद में रोजा इफ्तार करते अकीदतमंद। -कमल जलवानियां

ब्यावर। जिला कलक्टर कार्यालय पर धरना देते घुमन्तु समाज के लोग। -कमल जलवानियां

गाड़िया लौहार समाज ने की निःशुल्क भूखंड आवंटन की मांग

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर गाड़िया लौहार समाज के लोगों ने आवास के लिए निःशुल्क भूखंड आवंटन की मांग की है। अपनी उक्त मांग को लेकर मंगलवार को राजस्थान गाड़िया लौहार प्रणवीर सेना राजस्थान ने जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि गाड़िया लौहार समाज के परिवार ब्यावर बसावट के समय से चारों गेट जैसे मेवाड़ी गेट, चांग गेट, अजमेरी गेट तथा सूरजपोल गेट पर निवास कर रहे हैं लेकिन सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। साथ ही समाज के लोग झुग्गी-झौपड़ियों में रहकर अपना जीवन बसर कर रहे हैं। बेघर लोग अदद एक छत के लिए तरस रहे हैं। यहां पर भी अतिक्रमण के नाम पर लौहार परिवारों को तंग-परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप शहरी क्षेत्र में 50 गज तथा ग्रामीण क्षेत्र में 150 गज जमीन आवास के लिए निःशुल्क आवंटन करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेशाध्यक्ष नीरज राठौड़, विजय चौहान, पवन बोराणा, कमला बाई, गट्टू बाई, सुरज बाई, शारदा देवी, सोनी देवी, केली देवी, सुखदेव, हंसराज, पूनम, नागजी, नैनू लोहार, रवि राठौड़, प्रकाश तथा पीरू आदि शामिल रहे।

महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी

पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के उद्देश्य से महिला अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र द्वारा आईटीआई गणेशपुरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर महिला कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना रहा, जिससे समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना मजबूत हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। नारी कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स आरएससीआईटी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे डिजिटल रूप से सशक्त बनकर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सके। नारी उद्यम प्रोत्साहन योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया जाता है। योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाता है। महिलाओं को उनके अधिकारों की रक्षा के लिए विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क कानूनी सलाह सेवाओं की जानकारी भी दी गई। किसी भी आपात स्थिति में महिलाओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 की उपयोगिता समझाई गई। केंद्र प्रबंधक बरखा दगदी, विधिक सलाहकार उर्मिला कंवरिया एवं सामाजिक परामर्शदात्री दीपिका ने विद्यार्थियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

एकेएच में पेंशनर्स के लिए खुलेगा पृथक से काउंटर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर की मासिक बैठक मंगलवार को डॉ.सुरेन्द्रसिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक के दौरान पेंशनरों की चिकित्सा संबंधी समस्याओं सहित वयोवृद्ध पेंशनरों को दवाईयां प्राप्त करने के लिए कतार में खड़े रहने से निजात दिलाने पर चर्चा की गई। एकेएच के पीएमओ डॉ. सुरेन्द्रसिंह चौहान ने पेंशनरों को विश्वास दिलाया कि एकेएच में पेंशनरों की सुविधा के लिए अब पृथक से काउंटर खोला जाएगा, जहां कतार में खड़े हुए बिना दवाईयां प्राप्त की जा सकेंगी। चौहान ने आश्वस्त किया कि पेंशनरों को किसी भी प्रकार से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष नारायणसिंह पंवार ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाम सरवर, मुख्य संरक्षक सत्यनारायण सांखला आदि ने डॉ. चौहान का स्वागत किया। अध्यक्ष सिंह ने पेंशनरों का आभा कार्ड बनाने के लिए भी चर्चा की। बैठक में पेंशनर समाज की डेढ लाख रुपए की एफडीआर करवाए जाने की जानकारी भी दी गई। वार्षिक अधिवेशन के दौरान जिला पेंशनर साथियों ने अपनी महती भूमिका निभाई, उन्हें भी सम्मानित किया गया। बैठक में काफी संख्या में पेंशनर साथी मौजूद थे।

ब्यावर। वरिष्ठजनो का अभिनंदन करते अतिथि।

आवेदन आमंत्रित

ब्यावर जवाजा ब्लॉक के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय फतेहपुरिया दोयम, जवाजा, सेदरिया, नून्ही मेन्नावतान, मोतीपुरा बाड़िया में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अभिभावक 14 से 23 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

कांस्टेबल सरिता और सुरक्षा सखी ममता का सम्मान

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राजस्थान पुलिस मुख्यालय की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ब्यावर की महिला कांस्टेबल सरिता को उनकी ओर से किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कांस्टेबल के साथ सुरक्षा सखी ममतागुप्ता को भी सम्मानित किया गया।

पुलिस महानिदेशक ने महिला पुलिस कर्मियों एवं सुरक्षा सखियों की ओर से किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता एवं विश्वास बढ़ाने में इनका बहुत बड़ा योगदान है। जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह, एएसपी भूपेन्द्र शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक राजेश कसाणा सहित समूचे पुलिस साथियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

नट, भाट, वादी समाज का विवाह सम्मेलन कल

गुरुकुल आश्वासन बाल ग्राम में आज होगी हल्दी, मेहंदी की रस्म

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर राष्ट्रीय सेवा एवं गौ रक्षा कल्याण परिषद एवं दाती सेवा संस्थान के सौजन्य से महामंडलेश्वर दाती महाराज के सानिध्य में आलावास ग्राम स्थित गुरुकुल आश्वासन बाल ग्राम में नट, भाट, वादी समाज का पहला बड़ा निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 मार्च को आयोजित होने जा रहा है। सम्मेलन में समाज के 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। सम्मेलन को लेकर जोरदार तैयारियां की गई हैं।

गुरुकुल आश्वासन बाल ग्राम में बुधवार को सुबह 11 दाती महाराज विवाह बंधन में बंधने वाली बेटियों की हल्दी एवं मेहंदी की रस्म निभाएंगे। जबकि गुरुवार को विवाह सम्मेलन के दौरान आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के मंत्रियों सहित कई गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। हालांकि पहला विवाह सम्मेलन बिरांटिया खुर्द में वर्ष 2022 में छोटे स्तर पर किया गया था। जिसमें व्यवस्था के नाते चार जोड़े ही शामिल हो पाए। मगर दाती महाराज की कृपा से समाज का यह पहला बड़ा आयोजन और पूरी तरह से निःशुल्क होगा। कार्यक्रम के तहत बुधवार को सुबह हल्दी, मेहंदी की रस्म के बाद शाम को 6 बजे गाजे बाजे के साथ दाती महाराज के सानिध्य में दुल्हनों की बिंदौली निकाली जाएगी। रात्रि में मंगल गीत एवं नृत्य के आयोजन होंगे। दाती महाराज के अनुसार यह सामूहिक विवाह सम्मेलन पूरी तरह से निःशुल्क रखा गया है। वर-वधु पक्ष से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नही लिया गया है। गुरुवार को सुबह 6 बजे बारात स्वागत होगा। इसके बाद सुबह 6.15 बजे सामूहिक रूप से तोरण रस्म अदा की जाएगी। सुबह 7.15 बजे से हवन वैदियों पर अग्नि के समक्ष दूल्हा-दुल्हन के फेरों की रस्म अदा की जाएगी और दाती महाराज 11 कन्याओं का कन्यादान करेंगे। दोपहर 2 बजे सभी बेटियों को उनके भावी गृहस्थ जीवन की मंगलकामना के साथ गृहस्थ जीवन की दहलीज पर कदम रखने के लिए विदा करेंगे।

जीव दया सेवा संस्थान का पक्षी सेवा अभियान शुरू

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए जीव दया सेवा संस्था ने पक्षी सेवा अभियान शुरू किया है। मंगलवार को अभियान का शुभारंभ सिटी थाना परिसर में डिप्टी राजेश कसाना ने तीन

परिंडे बांध कर किया। इस दौरान उपस्थित सभी ने परिंडों में पक्षियों के लिए पानी तथा दाना उपलब्ध करवाने का संकल्प लिया। अभियान के तहत संस्था की ओर से करीब पांच सौ परिंडे बांधे जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान जीव दया सेवा संस्थान के लालचंद सांखला, डीके जैन, कपिल सेन, मुकेश बंग, राजेंद्र जैन, योगेश शर्मा, जयनारायण प्रजापत, कैलाश सिसोदिया, कैलाश शेखावत, मुकेश शर्मा, विष्णु पारीक, मयंक सेन, चिमन सिंह लोधा, घीसूलाल जोशी, सचिन चौहान, दीपक दगदी, प्रकाश माली, पुलिस प्रशासन से मनमोहन सिंह मीणा, गणपत लाल, हवलदार मंगल सिंह तथा श्रवण जाखड़ आदि उपस्थित रहे।

प्रजापति समाज ने मनाया शीतला महोत्सव

न्यूज सर्विस/नवज्योति, ब्यावर स्वतंत्र प्रजापति मित्र मंडल की ओर से शीतला महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में प्रजापति समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महोत्सव की शुरूआत चमन चौराहा स्थित श्रीयादेश्वर महादेव मंदिर में शीतला माता की प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना के साथ की गई। मंदिर से माताजी की प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में प्रजापति भवन स्थित आयोजन स्थल तक लाया गया। इस दौरान पूरा वातावरण शीतला माता के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान गायक नरेंद्र प्रजापति ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंडल के संरक्षक विनोद बोबरिया ने कहा कि शीतला माता प्रजापति समाज की आराध्य देवी है। उनकी याद में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में एकता, श्रद्धा और संस्कृति का संचार होता है।

गोपालजी मौहल्ला गणगौर समिति की कार्यकारिणी गठित, जोशी बने अध्यक्ष

ब्यावर गोपालजी मौहल्ला गणगौर समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी गणगौर मेले को लेकर समिति के चुनाव संपन्न करवाए गए। चुनाव में शिवेन्द्र जोशी को फिर से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव के दौरान समिति के संरक्षक के रूप में किशनलाल शर्मा, दामोदर प्रसाद अग्रवाल, अचलसिंह राजपुरोहित, रामेश्वरलाल शर्मा, मेला संयोजक के रूप में संजय शर्मा, राजेन्द्र सर्राफ, अशोक गोयल, बिपिन जोशी, राजेश सिंहल, उपाध्यक्ष गणेशगोपाल शर्मा, गिरधारी अग्रवाल, सचिव अशोक मूंदड़ा, सहसचिव श्रेष्ठ जोशी, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, सहकोषाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, प्रचार मंत्री राहुल गोयल, जगदीश राजपुरोहित, मीडिया प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल, नरेश शर्मा, श्रृंगारकर्ता ऋषिराज सोनी आदि को चुना गया है। प्रचार मंत्री शर्मा ने बताया कि गणगौर मेले के लिए 11 मार्च को सुबह 10.15 बजे गाजे बाजे के साथ गणपति पूजन किया जाएगा।

पालड़िया दूसरी बार बने निर्विरोध अध्यक्ष

ब्यावर शहर के फूलपुरा मालिया पंचायत सेंदड़ा रोड़ के चुनाव संपन्न करवाए गए जिसमें लगातार दूसरी बार सत्यनारायण पालड़िया निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुने गए। पालड़िया ने अपनी कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष प्रथम के रूप में तुलसीराम भाटी, उपाध्यक्ष चेतन चौहान, सचिव नैनाराम देवड़ा, कोषाध्यक्ष बुधराज गहलोत को शामिल किया है। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुरेश भाटी, संपतराज भाटी, सुरेन्द्र भाटी, मोतीलाल पालड़िया, दीपक देवड़ा, राकेश पालड़िया, बाबूलाल, गोपाल देवड़ा, पुखराज चौहान, लालचंद, राजेश परिहार, राजू भाटी आदि अनेक सदस्य को शामिल किया गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा – मार्केटिंग हब – अजमेर (राजस्थान) फोन नं.: 0145-2420233, पीएफआर 310160003, ई-मेल: UAJMER@bankofbaroda.com

अचल एवं चल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

परिशिष्ट-IV[ब] [नियम 8(6) का परन्तुक देखें अचल सम्पत्ति के लिए]

परिशिष्ट-IV[ब] [नियम 8(ए) का परन्तुक देखें चल सम्पत्ति के लिए]

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 8(ए) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष कर दो उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल एवं चल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार, **बैंक ऑफ बड़ौदा**, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। नीचे दिये गये खाते के बकाया की वसूली के लिए **"जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जायेगा। प्रत्याभूति-दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले गारन्टर, गुरविंदर संधिल, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई-नीलामी दिनांक व समय, अग्रिम धनराशि एवं निविदा वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

ऋणीयों, गिरवी रखने वाले एवं गारन्टरों के नाम एवं पते:– मैसर्स रोशनी मिनरल्स प्रो. श्री इब्राहिम खान पुत्र श्री भंवर खान (ऋणी) प्लाट न. 03, खसरा न. 4417/3536 का भाग, ग्राम रानी सागर मसूदा, जिला ब्यावर (राज.), मकान न. 03, गली न. 02, एकता नगर सोमलपुर, जिला ब्यावर (राज.), श्री मोहम्मद भगवान खान पुत्र श्री हनुमान खान (गारन्टर) मंदारवाड़ नगर कृष्णा कॉलोनी सोमलपुर रोड, जिला ब्यावर (राज.), श्री शाहिद पुत्र श्री बदरुद्दीन (गारन्टर) इंदा कॉलोनी पीपली फार्म के पास बढ़गाव अजमेर (राज.)

बकाया:– विशाखा नोटिस दिनांक:– 28/02/2025, रू. 41,93,877.01 दिनांक 28/02/2025 तक

ब्याज शामिल करते हुए

वर्तमान बकाया राशि: रू. 41,93,877.01 दिनांक 28/02/2025 तक ब्याज शामिल करते हुए तथा आगे का ब्याज, लागत, शुल्क एवं अन्य खर्चे इत्यादि।

कब्जे की स्थिति:– भौतिक कब्जा

सम्पत्ति के निरीक्षण की दिनांक व समय: 24/03/2026; दोपहर 12:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक

धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक: 30/03/2026, समय: दोपहर 12:00 बजे तक।

ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त ब्यौरा, यदि कोई हो:–	आरक्षित मूल्य अग्रिम धनराशि बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की दिनांक व समय
(लोट एक):– मैसर्स रोशनी मिनरल्स कि प्लान्ट एण्ड मशीनरी, रेसिरसीज (जो है, जैसी है, जहां है, और जितनी भी उपलब्ध है के आधार पर") जो कि स्थित है औद्योगिक सम्पत्ति प्लाट न. 03, खसरा नं. 4417/3536 का भाग, ग्राम रानी सागर मसूदा जिला ब्यावर (राज.), एवं (लोट बी):– मैसर्स रोशनी मिनरल्स कि औद्योगिक सम्पत्ति प्लाट न. 03, खसरा नं. 4417/3536 का भाग ग्राम रानी सागर मसूदा जिला अजमेर (राज.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1537.30 वर्ग गज, जो कि श्री इब्राहिम खान पुत्र श्री भंवर खान के नाम से है, चतुर्ष सीमाए:– पूर्व में अन्य सम्पत्ति, पश्चिम में रोड, उत्तर में रोड, एप प्लॉट नं. 12, दक्षिण में प्लाट नं. 02, ऋण भार:– ज्ञात नहीं	आरक्षित मूल्य रू. 9,94,500/- अग्रिम धनराशि रू. 99,450/- बोली वृद्धि राशि रू. 10,000/-	30/03/2026 प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि समयावृद्धि के साथ)

नोट: सरक्षित्मय लोट (एबी) की संयुक्त नीलामी आयोजित की जायेगी। लोट एबी की संयुक्त नीलामी सफल नहीं होने पर लोट (ए) की नीलामी की जायेगी।

विक्रय के नियमों और शर्तों के बारे के लिए कृपया दिए गए लिंक https://bankofbaroda.in/e-auction.htm तथा Auction portal (https://Baanknet.com) को देखें। इसके अतिरिक्त, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से फोन नं. 0145.2429233, मो. 9116165863 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

तारीख: 09/03/2026 स्थान: अजमेर

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

अधिक विवरण हेतु स्कैन करें

DNJ-390067